# NSS activities

1 On 16th June 2025 A training and registration program under the CAMaL (Combined Activities for Maximized Learning) campaign, run by the Pratham Foundation, was organized at Government College Barotiwala during the months of May and June. The objective of the program was to prepare students to participate in educational awareness activities under the CAMaL campaign.













2. Celebration of International Yoga Day: on 21st June NSS unit of GC Barotiwala celebrated International Yoga Day with a Theme " Yoga For One Earth, One Health" which shows interconnectedness of personal well-being with global health and environmental sustainability.






3.The NSS volunteers of B.A. III Year of Government College Barotiwala organized a cleanliness drive on 12 July 2025 to maintain a clean and safe college campus during the rainy season.











4. Registration and Orientation Programme for NSS: On 8th August, the NSS Unit organized an Orientation and Registration Programme for newly admitted B.A. I and B.Com I students. The programme aimed to introduce students to the objectives, activities, and benefits of NSS. Programme Officer Dr. Krishna Prakash provided detailed information about NSS, including its formation, logo, aims, and motto. The registration of new NSS volunteers was also completed during the session. The Principal, Dr. Anjori Sharma, addressed the students and highlighted the benefits of NSS participation.











**बरोटीवाला कॉलेज में एनएसएस ओरिएंटेशन व रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम**

बद्दी। राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के ओरिएंटेशन व रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 40 से अधिक स्वयंसेवकों का एनएसएस के लिए पंजीकरण किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कृष्णा प्रकाश ने एनएसएस के उद्देश्य, महत्व और लक्ष्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अंजोरी शर्मा ने प्रतिभागियों को कॉलेज की एनएसएस इकाई का सदस्य बनकर समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।





# नए स्वयंसेवकों ने पंजीकरण करवाया

मानपुरा, 11 अगस्त (बस्सी): राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की ओरिएंटेशन एवं रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कृष्णा प्रकाश ने एन.एस.एस. के उद्देश्य, महत्व और लक्ष्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि एन.एस.एस. के माध्यम से हम स्वेच्छा से समाज की सेवा करते हैं और सामाजिक तथा पर्यावरणीय जैसे सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं।

इस सत्र में विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस ड्राइव के दौरान 40 से अधिक नए स्वयंसेवकों ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए पंजीकरण कराया। प्राचार्या डॉ. अंजोरी शर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई दी और शुभकामनाएं देते हुए उन्हें कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई का गर्वित सदस्य बनकर समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

5. On 14th August, the NSS Unit and the Rovers and Rangers Unit organized a *Har Ghar Tiranga Rally* to celebrate Independence Day. The objective of the rally was to promote national pride and create awareness about the significance of the Indian National Flag. It aimed to encourage students and the local community to actively participate in the nationwide *Har Ghar Tiranga* campaign. More than 100 volunteers from the NSS, along with Rovers and Rangers, enthusiastically participated in the rally. The Principal, Dr. Anjori Sharma, addressed the students, highlighting the invaluable contributions of our unsung heroes in India's struggle for independence. She advised the students to remember and honor their sacrifices on this significant occasion.














6.The NSS Unit of the college organized a Poster-Making and Slogan-Writing Competition on 13th August 2025 under the 'Har Ghar Tiranga' Campaign on the theme "Mera Bharat @ 2047." Students actively participated and

showcased their creativity and patriotic spirit through posters and slogans. The event was conducted successfully in an enthusiastic and vibrant atmosphere. In poster making competition Seema BA II secured first position, Anuksha BA II second and Palak B.Com III third position respectively. In Slogan writing competition Najma B.Com III got first position, Heena B.Com I second and Kavita from B.Com III got third position respectively.












आवाज-ए-हिमाचल

बरोटीवाला कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित

महाविद्यालय के विभिन्न वर्गों के लगभग 50 विद्यार्थियों ने लिया भाग,पोस्टर निर्माण में अनुष्का प्रथम

7. The NSS Unit of Barotiwala College organized a Tree Plantation Programme under the national campaign **"Ek Boota Maa Ke Naam"** with the objective of promoting environmental awareness and encouraging responsibility towards nature. The programme was conducted on **30th August, 11th September, and 24th September 2025** within the college campus. During the programme, medicinal and other useful plants such as **Neem, Arjun, Amla, Belpatra**, and various other saplings were planted at different locations in the campus. The initiative aimed to highlight the importance of tree plantation in maintaining ecological balance and fostering a clean and green environment. The programme witnessed active participation from NSS volunteers, students, and staff members, who enthusiastically contributed to the success of the event. The coordinated efforts of all participants ensured the smooth and effective implementation of the plantation drive.














एनएसएस के स्वयंसेवियों ने किया पौधरोपण

बरोटीवाला कॉलेज में पौधा रोपते स्वयंसेवी व शिक्षक।

बरोटीवाला (सोलन)। पर्यावरण को हरा-भरा और सतत बनाने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में एनएसएस इकाई की ओर से एक बूटा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजोरी शर्मा ने महाविद्यालय परिसर में अर्जुन का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। डॉ. शर्मा ने हिमाचल प्रदेश में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से उत्पन्न पर्यावरणीय समस्याओं पर चिंता व्यक्त की और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए इस प्रकार के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

MUNICIPAL COUNCIL, CHAMBA



8. The NSS Unit of the college organized an awareness programme on **International Ozone Day** on **16th September 2025** in **Lecture Hall L2** with the aim of educating students about the importance of the ozone layer and promoting environmentally responsible behavior. The programme featured a **PowerPoint presentation, a lecture, and an interactive session** highlighting the significance of the ozone layer and the theme of the year. **Harsh, NSS Head Boy**, delivered an informative PowerPoint presentation for the NSS volunteers, explaining the causes and harmful effects of ozone layer depletion on human health, climate, and ecosystems.Special emphasis was laid on **how individuals can protect the ozone layer through daily actions**. Students were encouraged to avoid the use of products containing harmful chemicals, reduce the use of air conditioners and refrigerators that emit ozone-depleting substances, conserve energy, use eco-friendly products, and spread awareness about environmental protection within their communities. The **Programme Officer, Mr. Krishna**

**Prakash**, addressed the students and guided them on adopting sustainable practices in everyday life. He emphasized that small actions such as reducing pollution, planting trees, and supporting environmental policies can collectively contribute to the protection of the ozone layer. She motivated students to act as responsible citizens and suggest the importance of protecting the ozone layer through conscious daily actions.







**मानपुरा ( बस्सी ):** बरोटीवाला कालेज में एन.एस.एस. इकाई द्वारा ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। एन.एस.एस. अध्यक्ष हर्ष ने ओजोन परत के महत्व पर पावर प्वाइंट प्रैजैटेशन दी। एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. कृष्णा प्रकाश ने इस वर्ष की थीम "पृथ्वी पर जीवन की रक्षा हेतु वैश्विक सहयोग पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्राचार्या डॉ. अंजोरी ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।




9. The NSS Unit of the college celebrated **NSS Day 2025** in the **Multipurpose Hall** with great enthusiasm and active participation from students and staff members. The programme was organized to highlight the spirit of service, discipline, and social responsibility among NSS volunteers. The event was graced by **Mr. Rajesh Yadav, Retired Principal**, who attended the programme as the **Chief Guest**. The celebration began with a **Saraswati Vandana**, invoking blessings for knowledge and wisdom. This was followed by a series of vibrant **patriotic and folk dance performances**, which reflected the cultural heritage of the nation and showcased the talents of the students. A **presentation of the annual activities of the NSS Unit** was also conducted, highlighting the various programmes, camps, and social outreach initiatives carried out during the academic session **2024–2025 by the programme officer Prof. Krishna Prakash**. The presentation gave an overview of the dedication and hard work of the NSS volunteers throughout the year. On this occasion, **Seven Day Special Camp Certificates and mementos** were distributed to NSS volunteers in recognition of their active participation and valuable contributions during the **2024–2025 session**. The Chief Guest appreciated the efforts of the NSS Unit and motivated the volunteers to continue serving society with commitment and sincerity. The programme concluded

on a successful note, leaving participants inspired and motivated to uphold the ideals of the National Service Scheme. The celebration of NSS Day 2025 proved to be a memorable and meaningful event for all present
















सतीश जैन,बद्दी

आवाज ए हिमाचल

26 सितंबर।राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने एनएसएस दिवस 2025 बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ ... के लिए सभी का धन्यवाद किया।मुख्य अतिथि डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस युवाओं में समाज सेवा, नेतृत्व और अनुशासन की भावना विकसित करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण और समाज सुधार में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया गया

दैनिक कलम मेरी सरकार बद्दी 26 ,सितंबर सतीश जैन राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला की राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस ) इकाई ने महाविद्यालय के बहुउद्देश्यीय सभागार में एनएसएस दिवस 2025 बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ राजेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं इसके पश्चात गिद्धा, भांगड़ा और नाटी जैसे लोकनृत्य शामिल रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही, एनएसएस इकाई द्वारा वर्षभर की गई विभिन्न गतिविधियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विशेष शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र व समृति चिन प्रदान किए गए, जिससे उनके उत्साह और समर्पण को प्रोत्साहन मिला। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अनुपमा पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। एनएसएस प्रभारी प्रो. कृष्णा प्रकाश ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी उपस्थितजनों को धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षण एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता में अपना सहयोग दिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. यादव ने कहा कि एनएसएस युवाओं में समाज सेवा, नेतृत्व और अनुशासन की भावना विकसित करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण और समाज सुधार में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस प्रभारी प्रोफ. कृष्णा प्रकाश ने मुख्य अथिति , प्राचार्य व सभी स्वयसेवकों का धन्यवाद किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।









कार्यक्रम

एनएसएस दिवस पर विद्यार्थियों ने गिद्दा, भंगड़ा और नाटी पेश कर लूटी वाहवाही

# बरोटीवाला कॉलेज में गूंजे देशभक्ति के गीत

संवाद न्यूज एजेंसी

बरोटीवाला (सोलन)। राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एनएसएस दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. राजेश यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने गिद्दा, भंगड़ा और नाटी पेश कर वाहवाही लूटी। इस अवसर पर विशेष शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अनुपमा पाठक ने स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।

मुख्यातिथि ने कहा कि एनएसएस युवाओं में समाज सेवा, नेतृत्व और अनुशासन की भावना विकसित करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण और समाज सुधार में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

बरोटीवाला कॉलेज में स्वयंसेवी, प्राचार्य व मुख्यातिथि। स्रोत: कॉलेज



10. A cleanliness drive was organized at Government College Barotiwala on 30 September 2025 to commemorate Gandhi Jayanti. The initiative was undertaken to honor Mahatma Gandhi's vision of cleanliness and to spread awareness among students about personal hygiene and environmental responsibility. NSS Volunteers and other students actively participated in cleaning the campus, all floors, staff room, office , class rooms and surrounding areas, reinforcing the message of "Swachhata" as an essential civic duty








11.Gandhi Jayanti was observed on 3rd October 2025 by the Departments of Political Science and History to promote the ideals of peace and non-violence. Various activities such as poster making, slogan writing, poem and peace song writing, and a discussion on Gandhian ideals and non-violent leadership were organized. On this occasion, Prof. Vishesher (Political Science) and Prof. Krishna Prakash (History) delivered lectures highlighting the relevance of Mahatma Gandhi's philosophy in the contemporary world. The programme effectively spread awareness of the message "Say No to Violence" and emphasized the enduring significance of Gandhian principles.







आवाज-ए-हिमाचल

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में 'शांति एवं अहिंसा' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में छात्रों ने दिया शांति और सद्भाव का संदेश,प्रतियोगिता भी हुई आयोजित

सतीश जैन,बद्दी

आवाज ए हिमाचल
04 अक्टूबर।महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे अहिंसा पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में "शांति एवं अहिंसा" विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज के इतिहास विभाग और राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 4 अक्टूबर को संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग और नारे लेखन प्रतियोगिता से हुआ। छात्रों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और शांति के सिद्धांतों को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे पोस्टरों और नारेबाजी ने पूरे परिसर को गांधीवादी विचारों से सराबोर कर दिया।इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर चला। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राएँ काजल और मुस्कान ने अहिंसा और मानवता पर प्रेरक कविताएँ प्रस्तुत कीं, जबकि बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम में प्रो. विशेषर और प्रो. कृष्णा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में महात्मा गांधी की अहिंसा की नीति पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि "बढ़ती असहिष्णुता और हिंसा की प्रवृत्ति को केवल गांधीवादी विचारधारा ही संतुलित कर सकती है।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से शांति, सहिष्णुता और गांधीजी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।कॉलेज प्रशासन ने इस आयोजन की सराहना की और छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में गांधीवादी सिद्धांतों को व्यवहार में उतारें।



12. On 16 October, the National Service Scheme (NSS) volunteers of Government College Barotiwala organized a cleanliness drive on the occasion of Diwali, symbolizing the festival's message of purity, positivity, and social responsibility. The main objective of the activity was to promote cleanliness, hygiene, and awareness about maintaining a clean environment. During the drive, NSS volunteers cleaned the entire college campus, including the playground, all floors, classrooms, staff room, and administrative offices. The programme highlighted the spirit of collective effort and reinforced the idea that cleanliness is an integral part of a healthy and meaningful celebration.








13. A one-day workshop was organized on 25 October 2025 by the NSS Unit to mark the 150th Birth Anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel. The programme included a film screening on his life and contributions, followed by a discussion and a quiz session for the students. The event saw active participation and helped students understand the legacy of the Iron Man of India.




14. On 31st October 2025, National Unity Day was observed with great enthusiasm and respect at Government College Barotiwala by the National Service Scheme (NSS) Unit on the occasion of the 150th birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel, the Iron Man of India.To mark the occasion, a Declamation Competition on the theme "Sardar Vallabhbhai Patel – The Iron Man of India" was organized. The objective of the programme was to strengthen the spirit of national unity, integrity, and patriotism among students and to highlight the pivotal role played by Sardar Vallabhbhai Patel in the integration and nation-building of India.The programme was presided over by the Principal, Dr. Anupama Pathak, and was attended by teaching and non-teaching staff members.

Students participated enthusiastically and delivered impressive speeches reflecting the life, vision, and contributions of Sardar Patel.In the competition, Kiran (BA I) secured the first position, Kajal (BA III) secured the second position, while Roopa (B.Com. III) and Noorsaba (BA I) jointly secured the third position. The event was judged by Prof. Shalini and Prof. Visheshar. The NSS Programme Officer, Prof. Krishna Prakash, expressed gratitude to all participants and dignitaries. The programme concluded with the administration of the National Unity Pledge. The event was conducted by NSS volunteer Harsh.









आवाज-ए-हिमाचल

बरोटीवाला कॉलेज में सरदार पटेल की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



बरोटीवाला (पुष्पिंदर): बरोटीवाला कालेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनुपमा पाठक ने की। प्रतियोगिता में किरण प्रथम, काजल दूसरे तथा रूपा व नूरसभा तृतीय रहीं। प्रतियोगिता में प्रो. शालिनी व प्रो. विशेषर निर्णायक रहे। एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. कृष्णा प्रकाश ने बताया कि सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

15.The NSS Unit organized a Reel Making and Poster Making Competition on the occasion of Chhath Puja celebrated from 25th to 28th October in Baddi area to highlight the theme "Devotion, Culture, and Environmental Harmony." Students showcased their creativity by presenting cultural, artistic, and informative depictions of the festival and its traditions. Govt. College in Barotiwala having students of diverse culture. Most of the students here are from Bihar, Up, Utrakhand etc. The activity witnessed enthusiastic participation and helped promote awareness about India's rich cultural heritage. Following students submitted entries for Reel making competition on Chat Puja..Jyoti Kumari B.A third year, Komal Kumari .B.A 3rd year, Madhuri kumari B.com 3rd year, Saloni Gupta B.Com 1 year, Riya Kumari B.com second year.

16.Under the state-run Project "Saarthi", NSS volunteers of Government College Barotiwala provided commendable service at the Government Hospital, Baddi. They assisted patients with guidance, queue management, and access to OPD and diagnostic units, ensuring smoother procedures.











चमन लाल ने वरिष्ठ श्रेणी में भाग लेकर विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रदेश स्तर पर इस कार्यक्रम का समन्वयन बिलासपुर

भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने आयोजकों एवं सहभागी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्लेटफॉर्म। यह गैर-पंजीकृत और विदेश से संचालित है। इसमें गलत जानकारी का खतरा अधिक है। संवाद

# स्वयंसेवियों ने बद्दी अस्पताल में दीं सेवाएं


बरोटीवाला (सोलन)। प्रदेश सरकार की ओर से आरंभ की गई परियोजना 'सारथी' के तहत राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने सरकारी अस्पताल बद्दी में जाकर अपनी सेवाएं दीं।

स्वयंसेवियों ने अस्पताल में आने वाले मरीजों की विभिन्न विभागों तक मार्गदर्शन में सहायता की। उन्हें पंजीकरण काउंटर, ओपीडी एवं जांच इकाइयों तक पहुंचाने में सहयोग दिया। साथ ही उन्होंने क्यू मैनेजमेंट और जानकारी प्रदान करने जैसे कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे मरीजों की प्रतीक्षा समय में कमी आई और उन्हें बेहतर सुविधा प्राप्त हुई।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन एवं सहानुभूति की भावना विकसित करना है। संवाद

रोगियों को ओपीडी में जांच कराने ले जाते हुए स्वयंसेवी : संवाद

16. Two-day Yoga Camp was inaugurated by NSS Unit of Government College Barotiwala on 28th and 29th under the Drug De-addiction Campaign of the Himachal Pradesh Government. The objective of the camp is to motivate students and the community to stay away from chitta and other harmful drugs and to make them aware of their adverse effects.The programme was inaugurated by the Principal, Dr. Anupama Pathak, by lighting the ceremonial lamp. Addressing the students and volunteers, she advised them to adopt a healthy lifestyle and to keep themselves away from chitta and other intoxicating substances.Yoga instructor Kalpana Chauhan explained to the students that yoga not only keeps the body healthy but is also highly beneficial for mental concentration, self-discipline, and stress management. She specifically emphasized that regular practice of yoga helps prevent youth from drifting towards drug addiction.During the camp, students practiced several important yoga asanas and pranayama, including Tadasana (to enhance balance and concentration), Vrikshasana (to calm the mind and boost self-confidence), Bhujangasana (to strengthen the spine and reduce stress), Ardha Chakrasana (to improve flexibility and energy levels), Anulom–Vilom Pranayama (for mental peace and emotional balance), and Kapalbhati (to detoxify the body and enhance brain activity), among others.Through these asanas, students were inspired to adopt a healthy and drug-free lifestyle.On this occasion, more than 100 students participated enthusiastically. All teaching and non-teaching staff of the college were present. During the programme, participants were also administered the Anti-Drug Oath.













NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
GOVERNMENT DEGREE COLLEGE
BAROTIWALA DISTT. SOLAN (H.P.)
YOGA




Loading...
Lat 30.912372, Long 76.830015
Friday, 28/11/2025 10:49 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera




G.C. BAROTIWALA






आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश
आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरोटीवाला
NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
GOVERNMENT DEGREE COLLEGE
BAROTIWALA DISTT. SOLAN (H.P.)

# Seven Day Special Camp 20th to 26th December 2025

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर का शुभारंभ
दिनांक: 20 दिसंबर 2025
स्थान: राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) का सात दिवसीय विशेष शिविर 20 दिसंबर 2025 को "Healthy Youth, Healthy Nation" थीम के अंतर्गत आरंभ हुआ। यह शिविर 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की चेतना विकसित करना है। शिविर के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा पाठक रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। अपने संबोधन में डॉ. अनुपमा पाठक ने एन.एस.एस. को युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा शिविर के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी एवं समन्वयक प्रोफेसर कृष्णा प्रकाश ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और आगामी दिनों में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर के प्रथम दिन स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता की गई तथा शिविर में ठहरने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई। शिविर के दौरान सुश्री रेशमा कश्यप ने "मीडिया एवं जनसंचार अध्ययन के माध्यम से करियर के अवसर" विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को मीडिया एवं जनसंचार के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर संभावनाओं से अवगत कराया, जिससे स्वयंसेवकों को भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।एन.एस.एस. प्रभारी प्रोफेसर कृष्णा प्रकाश ने बताया कि सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत सामुदायिक सेवा, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या ने एन.एस.एस. इकाई को शिविर के सफल शुभारंभ पर बधाई दी और स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।























## Second Day Report

सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाल

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विशेष शिविर का द्वितीय दिवस अत्यंत अनुशासित, ऊर्जावान एवं गतिविधियों से भरपूर रहा। दिन की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक योग सत्र के साथ हुई। यह योग सत्र आयुष विभाग से पधारी योग प्रशिक्षिका सुश्री कल्पना चौहान द्वारा संचालित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र

के उपरांत नाश्ता ग्रुप-B द्वारा समूह नेता नजमा के नेतृत्व में तैयार किया गया। नाश्ते के बाद स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के सामने सड़क किनारे सफाई अभियान चलाया तथा सड़क पर बने गड्ढों को भरकर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया।
दोपहर के समय कुछ स्वयंसेवकों ने पारंपरिक चूल्हा बनाकर सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया, जिससे भारतीय संस्कृति एवं सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा मिला। इसके पश्चात एन.एस.एस. समन्वयक प्रोफेसर कृष्णा प्रकाश ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में एन.एस.एस. की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला और युवाओं को सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।
सांयकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंपा द्वारा मनमोहक पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की गई। स्वयंसेवकों ने मिमिक्री एवं स्टैंड-अप कॉमेडी प्रस्तुत कर वातावरण को आनंदमय बना दिया। इसके अतिरिक्त एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा मौलिक अधिकारों पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक का मंचन किया गया।
द्वितीय दिवस की रिपोर्ट मनजीत कौर द्वारा प्रस्तुत की गई। मंच संचालन शिवानी एवं सीमा राव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दिन का सबसे उत्साहपूर्ण एवं यादगार क्षण एन.एस.एस. स्वयंसेवक रितिका के जन्मदिन का सामूहिक उत्सव रहा, जिसने पूरे शिविर में उत्साह और आत्मीयता का वातावरण बना दिया।
इस प्रकार एन.एस.एस. शिविर का दूसरा दिन सेवा, संस्कृति, अनुशासन और आनंद का सुंदर समन्वय बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।























एनएसएस सात दिवसीय शिविर का तृतीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न

बरोटीवाला, 22 दिसम्बर 2025

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। दिन की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे योग सत्र से हुई। योग प्रशिक्षिका श्रीमती कल्पना चौहान ने स्वयंसेवकों को मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास कराया तथा इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

योग सत्र के उपरांत नाश्ते के बाद नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बरोटीवाला पंचायत के वार्ड नंबर 3 तक निकाली गई, जिसे एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिया गया है। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को रोका और उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आमजन को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया गया।

रैली के उपरांत वार्ड नंबर 3 में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वे के अंतर्गत एक प्रश्नावली के माध्यम से विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे गए। सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया कि यह क्षेत्र अत्यधिक घनी आबादी वाला है, क्योंकि यहाँ अन्य राज्यों से आकर फैक्ट्रियों में कार्य करने वाले लोगों की संख्या अधिक है। इस सर्वेक्षण ने क्षेत्र की सामाजिक संरचना एवं समस्याओं को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
यह पूरी गतिविधि अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सार्थक रही, क्योंकि स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक वास्तविकताओं को भी निकट से समझा।सायंकालीन सत्र में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक प्रो. विशेश्वर ने एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आज का युवा किस प्रकार नशे की गिरफ्त में आ रहा है तथा इसके प्रमुख कारण क्या हैं। इस संवादात्मक सत्र में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए।दिन के अंतिम चरण में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता पर आधारित नाटक, नृत्य प्रस्तुतियाँ एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल रहीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।इस प्रकार एनएसएस शिविर का तृतीय दिवस सेवा, जागरूकता, अध्ययन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



















"राष्ट्रीय सेवा योजना"
इकाई
राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला,
जिला सोलन (हि.प्र.)
Theme:-"Healthy Youth, Healthy Nation"
NASHA MUKT
BHARAT ABHIYAAN
United Against Drugs


पंचायत सामुदायिक केन्द्र बरोटीवाला
"राष्ट्रीय सेवा योजना"
इकाई
राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला,
NASHA MUKT
BHARAT ABHIYAAN
United Against Drugs


G.C. BAROTIWALA


राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला
NASHA MUKT
BHARAT ABHIYAAN
United Against Drugs


राजकीय महाविद्यालय
बरोटीवाला


Buranwala, Himachal Pradesh, भारत
Khasra No. 86, Near Govt. Collage, Industrial Area, Vill, Buranwala,
Himachal Pradesh 174103, भारत
Lat 30.912609° Long 76.830026°
सोमवार, 22/12/2025 12:11 PM GMT +05:30
Google














एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस अनुशासन, सेवा और सृजनात्मक गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे योग सत्र से हुई, जिसमें अनुलोम–विलोम, कपालभाति, सूक्ष्म व्यायाम आदि योगाभ्यास कराए गए। योग सत्र के दौरान स्वयंसेवकों को इनके शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों की जानकारी भी दी गई।योग एवं नाश्ते के पश्चात स्वयंसेवकों ने अपने आवासीय कमरों की सफाई की तथा महाविद्यालय के अग्रभाग की साफ-सफाई की। कुछ स्वयंसेवकों द्वारा पौधों में पानी डालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

दिवस के शैक्षणिक सत्र में बद्दी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. अरुण कांत resource person उपस्थित रहें। उन्होंने प्रबंधन शिक्षा के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने लंबे समय से धूप और वर्षा के कारण जंग लगे लोहे के बेंचों की सफाई की तथा उन्हें रंग-रोगन कर नया स्वरूप प्रदान किया। साथ ही महाविद्यालय के माली जावेद द्वारा उगाए गए फूलों के पौधों का रोपण कर परिसर की सुंदरता बढ़ाई गई।

सायंकालीन सत्र की शुरुआत आरती से हुई। इसके बाद चारों समूहों ने उन्हें सौंपे गए कार्यों के अनुसार प्रस्तुतियाँ दीं। स्वयंसेवकों ने शिविर अनुभव, महाविद्यालय जीवन, सच्ची मित्रता, जीवन में दादा-दादी की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। इसके अतिरिक्त नृत्य प्रस्तुतियाँ तथा महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

मंच संचालन स्वयंसेवक नजमा द्वारा किया गया तथा उन्होंने चतुर्थ दिवस की गतिविधि रिपोर्ट का वाचन किया। कार्यक्रम अधिकारी श्री कृष्णा प्रकाश ने चतुर्थ दिवस का समापन करते हुए सायंकालीन सत्र की खूबियों एवं कमियों पर प्रकाश डाला तथा यह बताया कि इन सकारात्मक बिंदुओं को भविष्य में किस प्रकार और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। इस प्रकार एनएसएस शिविर का चतुर्थ दिवस सेवा, श्रम, सीख और सांस्कृतिक चेतना के साथ सार्थक रूप से संपन्न हुआ।
















OUT LOOK THAT MAKES
DIFFERENCE










राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) – पाँचवाँ दिवस रिपोर्ट

राष्ट्रीय सेवा योजना के पाँचवें दिवस का शुभारंभ प्रातः 7:00 बजे योग सत्र से किया गया। इस सत्र में स्वयंसेवकों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया, जिससे उनमें शारीरिक एवं मानसिक ऊर्जा का संचार हुआ।
योग सत्र के उपरांत स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया। प्रथम एवं द्वितीय समूह के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्थित फूलों की क्यारियों की सफाई, पौधों को पानी देना तथा पार्किंग क्षेत्र में उगी अनावश्यक घास को उखाड़ने का कार्य किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में स्थित लोहे की बेंचों की सफाई एवं रंगाई (पेंटिंग) का कार्य भी इस दिवस सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।
अन्य दो समूहों के स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत बरोटीवाला के अंतर्गत सैंसीवाला के समीप स्थित स्लम क्षेत्र का भ्रमण किया, जहाँ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा बाल शिक्षा के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया।
सायंकालीन सत्र में डॉ. अनुपमा पाठक द्वारा "प्रकृति और संस्कृति: परस्पर संबंध" विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया गया। उन्होंने प्रकृति एवं संस्कृति के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार दोनों एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं और मानव जीवन को संतुलित बनाए रखने में सहायक हैं।

शाम के सत्र में स्वयंसेवकों को चार विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया तथा उन्हें "शिक्षक की भूमिका", "शिक्षा क्या है", "क्या AI शिक्षक का स्थान ले सकता है" तथा "वर्तमान समय में अवसाद (डिप्रेशन) के कारण" जैसे विषयों पर समूह चर्चा एवं लेखन कार्य के लिए निर्देशित किया गया। सभी समूहों ने विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे स्वयंसेवकों की चिंतन क्षमता एवं सामाजिक समझ का विकास हुआ।
इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया
इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना का पाँचवाँ दिवस सेवा, अनुशासन, सामाजिक जागरूकता, बौद्धिक विमर्श एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।










KEEP THE CAMPUS















राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विशेष शिविर – छठा दिवस

एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिवस का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक योग सत्र के साथ किया गया। यह योग सत्र योग प्रशिक्षिका सुश्री कल्पना द्वारा संचालित किया गया, जिससे स्वयंसेवकों को शारीरिक एवं मानसिक ऊर्जा प्राप्त हुई। नाश्ते के उपरांत सभी स्वयंसेवक महाविद्यालय परिसर में एकत्रित हुए, जहाँ उन्हें छठे दिवस की गतिविधियों के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। तत्पश्चात स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर अलग-अलग कार्य सौंपे गए। स्वयंसेवकों द्वारा फूलों की क्यारियों से अतिरिक्त घास निकाली गई, पौधों में पानी दिया गया तथा कैंटीन क्षेत्र के बाहर नई फूलों की क्यारियाँ तैयार की गई। इसके अतिरिक्त, सभी कक्षाओं की सफाई की गई, धूल झाड़ी गई तथा अंतिम दिवस के कार्यक्रम हेतु बैठक व्यवस्था एवं सजावट का कार्य भी स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।
दोपहर के भोजन के उपरांत पूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों श्री उत्तम, सुश्री बबिता एवं सुश्री प्रिया के साथ एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए अपने जीवन में एनएसएस की भूमिका एवं योगदान पर प्रकाश डाला। यह सत्र स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा।इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने अंतिम दिवस के कार्यक्रम की तैयारियाँ प्रारंभ कीं। सायं 7:00 बजे सभी स्वयंसेवक बहुउद्देश्यीय सभागार (MPH) में उपस्थित हुए, जहाँ कार्यक्रम अधिकारी सुश्री कृष्णा प्रकाश द्वारा तैयारियों का निरीक्षण किया गया तथा अगले दिवस के कार्यक्रम हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम अधिकारी की अनुमति से सभी स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया, जिससे शिविर का वातावरण उल्लासपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण बना रहा।









STUDENT PARKING
GPS Map Camera
,,Loading...
-, Loading...
Lat 30.912429, Long 76.830161
Thursday, 25/12/2025 10:25 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


Barotiwala, Himachal Pradesh, India
Wr6h+wrc, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103, India
Lat 30.912434° Long 76.829985°
Thursday, 25/12/2025 08:40 AM GMT +05:30


Barotiwala, Himachal Pradesh, India
Wr6h+wrc, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103, India
Lat 30.912475° Long 76.829946°
Thursday, 25/12/2025 08:52 AM GMT +05:30


Barotiwala, Himachal Pradesh, India
Wr6h+wrc, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103, India
Lat 30.912458° Long 76.830058°
Thursday, 25/12/2025 08:35 AM GMT +05:30


Barotiwala, Himachal Pradesh, India
Wr6h+wrc, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103, India
Lat 30.912464° Long 76.82995°
Thursday, 25/12/2025 08:29 AM GMT +05:30


Barotiwala, Himachal Pradesh, India
Wr6h+wrc, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103, India
Lat 30.912494° Long 76.829963°
Thursday, 25/12/2025 08:23 AM GMT +05:30


Barotiwala, Himachal Pradesh, India
Wr7h+2q7, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103, India
Lat 30.912548° Long 76.829967°
Thursday, 25/12/2025 08:18 AM GMT +05:30


DRY WASTE




GPS Map Camera
,,Loading...
Note : Captured by GPS Map Camera






GPS Map Camera
,,Loading...
Lat 30.912417, Long 76.830114
Thursday, 25/12/2025 12:32 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera









# *सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर का सफल समापन

(20 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025)**

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) का सात दिवसीय विशेष शिविर 20 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ 20 दिसंबर 2025 को मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा पाठक द्वारा किया गया। शिविर का आयोजन एन.एस.एस. के आदर्श वाक्य "मैं नहीं, आप" के अनुरूप विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करने के उद्देश्य से किया गया।

शिविर के प्रत्येक दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन योग, प्राणायाम एवं ध्यान सत्र से की गई, जिनका संचालन योग प्रशिक्षिका सुश्री कल्पना चौहान द्वारा किया गया। इन दैनिक योग सत्रों से स्वयंसेवकों में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ।संपूर्ण सात दिवसीय शिविर का सफल आयोजन, संचालन एवं समन्वय एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कृष्णा प्रकाश द्वारा किया गया, जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों से शिविर की सभी गतिविधियाँ सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुईं।

शिविर के दौरान एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई, पौधारोपण, जल संरक्षण तथा सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव जैसे विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। इसके अतिरिक्त, निकटवर्ती सांसीवाला क्षेत्र में स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।नशा उन्मूलन, सड़क सुरक्षा तथा प्लास्टिक के उपयोग से बचाव विषयों पर जागरूकता रैली राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला से बरोटीवाला पंचायत के वार्ड नंबर–3 तक निकाली गई, जिससे स्थानीय नागरिकों में सामाजिक एवं पर्यावरणीय चेतना का प्रसार हुआ।

शिविर के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), नशा उन्मूलन, प्रकृति एवं संस्कृति का संबंध, राष्ट्र निर्माण में एन.एस.एस. की भूमिका, मीडिया एवं जनसंचार तथा प्रबंधन अध्ययन के माध्यम से करियर अवसरों जैसे विषयों पर व्याख्यान एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों के लिए प्रो. विशेश्वर, प्रो. कृष्णा, सुश्री रेशमा कश्यप एवं प्रो. अरुण कांत ने संसाधन व्यक्ति के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया। पूर्व एन.एस.एस. स्वयंसेवकों उत्तम एवं बबीता के साथ आयोजित संवाद सत्र में उन्होंने अपने अनुभव साझा किए, जो वर्तमान स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुए।शिविर के समापन समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा गिद्धा, नाटी तथा महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही अनुभव साझा कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. अनुपमा पाठक रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर पी.टी.ए. अध्यक्ष सुश्री कंचन प्रधान (बरोटीवाला), हंसराज कैंथ तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया, को सम्मानित किया गया।

शिविर का समापन सकारात्मक एवं प्रेरणादायक परिणामों के साथ हुआ। स्वयंसेवकों में "नमस्ते" कहकर अभिवादन करने की आदत, मोबाइल फोन के सीमित उपयोग तथा योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने जैसी अच्छी आदतों का विकास हुआ। कुल मिलाकर यह शिविर सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, एकता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला एक अत्यंत सार्थक एवं स्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ।






बरोटीवाला
हिमाचल प्रदेश

















## बरोटीवाला कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर का तृतीय दिवस संपन्न

बद्दी। राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। दिन की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे योग सत्र से हुई। योग प्रशिक्षिका कल्पना चौहान ने स्वयंसेवकों को मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास कराया तथा इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक प्रो. विरेश्वर ने प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आज का युवा किस प्रकार नशे की गिरफ्त में आ रहा है तथा इसके प्रमुख कारण क्या है। इस सत्र में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता पर आधारित नाटक, नृत्य प्रस्तुतियां एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल रहीं।




## राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ

बद्दी 21 दिसंबर( गुरजीत सिंह) : राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) का सात दिवसीय विशेष शिविर 20 दिसंबर से हेल्थी युथ, हेल्थी नेशन थीम के साथ प्रारंभ हुआ, जो 26 दिसंबर को संपन्न होगा। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा पाठक रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। डॉ. अनुपमा पाठक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एन.एस.एस. को युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया तथा शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. कृष्णा प्रकाश ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रथम दिन स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई तथा शिविर में ठहरने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के अंतर्गत सामुदायिक सेवा, स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। महाविद्यालय की प्राचार्या ने एन.एस.एस. इकाई को शिविर के शुभारंभ पर बधाई दी।



वेदराम संदेश की आवाज ग्रुप
VSK आवाज NEWS
खबर विज्ञापन, इंटरव्यू, डॉक्यूमेंट्री के लिए संपर्क करें - मो. 8881717809
25/12/2025 हिमाचल प्रदेश

## एनएसएस शिविर का पाँचवाँ दिन योग, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न








[illegible]

संवाददाता:सतीश जैन सतीश जैन बद्दी हिमाचल प्रदेश

vskawaj@gmail.com 8881717809 vedramsandeshkiawaj. in

## 7 दिवसीय एनएसएस शिविर सफलतापूर्वक संपन्न



उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

बरोटीवाला/पूज़ा वर्मा : राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में चल रहे एन एस एस के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। दिन की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे योग सत्र से हुई। योग प्रशिक्षिका कल्पना चौहान ने स्वयंसेवकों को मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास कराया तथा इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। योग सत्र के उपरांत नाश्ते के बाद नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बरोटीवाला पंचायत के वार्ड नंबर 3 तक निकाली गई, जिसे एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिया गया है। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को रोका और उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आमजन को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस प्रकार एनएसएस शिविर का तृतीय दिवस सेवा, जागरूकता, अध्ययन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

